सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 164 | इंदौर, शुक्रवार 22 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

यत्र योगेश्वरः कृष्णो
यत्र पार्थो धनुर्धरः ।
तत्र श्रीर्विजयो
भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ।।



गीता जयंती
की शुभकामनाएं !

# संकल्प पत्र बीजेपी का, याद रखेगी कांग्रेस


◆ चार दिनी सत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों के वायदे पर बीजेपी को घेरता रहा विपक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। विधानसभा के चार दिनी सत्र के समापन के साथ ही विपक्ष में बैठने को मजबूर हुई कांग्रेस ने डॉ मोहन यादव सरकार को यह मैसेज देने की कोशिश की है कि जनादेश के सम्मान में विपक्ष में बैठेंगे और बीजेपी के चुनावी संकल्प पत्र को याद दिलाकर उसे पूरा कराने के लिए कहेंगे। कांग्रेस की यह रणनीति चार दिनों के सत्र में पहले दिन से ही दिखाई देती रही जिसमें लाड़ली बहना योजना और किसानों को धान का 3100 रुपए मूल्य दिलाने का मामला बार-बार उठाया जाता रहा है।

चुनाव में करारी हार के लिए कांग्रेस मान रही है कि उसे लाड़ली बहना योजना के कारण हारना पड़ा है। इसलिए अब कांग्रेस इस योजना को किसी भी हालत में चालू रखने के लिए बीजेपी सरकार पर दबाव बना रही है ताकि अगर आर्थिक संकट के चलते सरकार इसे चलाए रखने से पीछे हटे तो इसे लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनाया जा सके। वहीं बीजेपी भी इस मामले में बचाव की मुद्रा में है। इसीलिए बार-बार लाड़ली बहना योजना बंद होने को लेकर आने वाले बयानों की बयार रोकने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन में ऐलान किया कि कोई भी योजना बंद नहीं होगी। सभी योजनाओं के संचालन के लिए सरकार के पास किसी तरह के आर्थिक संकट की स्थिति नहीं है।

कांग्रेस ने इसके साथ ही धान खरीदी चालू होने के चलते अभी से 3100 रुपए प्रति क्विटंल किसानों को भुगतान करने का मामला भी लगातार उठाया है। बीजेपी इसे भी भांप चुकी है और माना जा रहा है कि जल्द ही इसको लेकर सरकार की ओर से कोई फैसला लिया जा सकता है। कांग्रेस ने महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर देने के बीजेपी के संकल्प पत्र को भी बार-बार अहसास कराया है। बीजेपी के संकल्प पत्र में युवाओं को रोजगार देने और गरीब कल्याण के लिए जो वायदे किए गए हैं, उस पर भी कांग्रेस का फोकस पूरे सत्र के दौरान देखने को मिला है।



# मिल क्षेत्र का ट्रैफिक सुधारने सड़क पर उतरे एमआइसी मेंबर

## लेफ्ट टर्न के आगे दुकानदारों ने खुद की बना ली पार्किंग, हर पल लगता है जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मिल क्षेत्र का ट्रैफिक सुधारने को लेकर एमआइसी मेबर सड़क पर उतरे। इस दौरान उन्होंने जहां दुकानों के बाहर रोड पर रखे सामान को हटाने का आग्रह व्यापारियों से किया, वहीं उनके सामने लेफ्ट टर्न के आगे दुकानदारों के व्यक्तिगत पार्किंग बनाने और इस कारण यातायात जाम होने का मामला भी सामने आया। इस पर उन्होंने लेफ्ट टर्न के आगे वाहन न खड़े करने की समझाईश देने के साथ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।**

शहर के बिगड़े ट्रैफिक को सुधारने में नगर निगम लगी हुई है। इसके चलते शहर के मुख्य बाजारों से लेकर मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। साथ ही दुकान के बाहर रोड व फुटपाथ पर रखा सामान जब्त किया जा रहा है। कल लोहार पड़ी और महारानी रोड पर कार्रवाई करते हुए 7 ट्रक सामान जब्त किया गया था। इसके साथ ही मालवा मिल चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक लगने वाले ट्रैफिक जाम को सुधारने के लिए कल यातायात एवं परिवहन विभाग के प्रभारी राकेश जैन और एमआइसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया उत्तरे। उनके साथ निगम यातायात एवं परिवहन विभाग के अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, सहायक यंत्री वैभव देवलासे सहित ट्रैफिक पुलिस के अफसर भी थे।

### व्यक्तिगत पार्किंग के कारण यातायात बिगडा

मालवा मिल बौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक लगने वाले यातायात जाम को कैसे सुधारा जा सकता है इसे लेकर प्रभारी जैन और एमआइसी मेंबर पहाड़िया ने व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्या को जाना। इस दौरान उनके सामने आया कि मालवा मिल चौराहा पर निगम ने जो लेफ्ट टर्न बनाए है उसके आगे दुकानदारों ने अपनी खुद की व्यक्तिगत पार्किंग बना ली है। इस कारण यातायात बिगड़ गया है। ट्रैफिक जाम लगने लगा है।

### लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण को लेकर भी प्लानिंग

इसके साथ ही लेफ्ट टर्न की चौदाई कम होने की समस्या भी सामने आई। मालवा मिल व पाटनीपुरा का यातायात कैसे सुगम होगा? इसको लेकर अब प्रभारी जैन और विभाग के अफसर एक-दो दिन में बैठकर कर ट्रैफिक समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण को लेकर भी प्लानिंग की जाएगी। इसके साथ ही लेफ्ट टर्न के आगे वाहन खड़े करने वाले दुकानदारों को भी समझाया गया है कि गाड़ियां खड़ी न करें वरना कार्रवाई होगी।

### सड़क किनारे से 4 ट्रक सामग्री जब्त की गई

निगम के रिमुव्हल विभाग के प्रभारी बबलु कल्याणे ने बताया कि महापौर की अपील के बाद उनके निदेर्शानुसार निगम द्वारा लगातार इस संबंध में अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है, लेकिन दुकानदार इसको हल्के में ले रहे है। बुधवार को नगर निगम के रिमुव्हल और मार्केट विभाग के दल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लोहार पट्टी क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़क व फुटपाथ पर रखे गए कोठी, ड्रम, लोहे की सामग्री सहित 3 ट्रक सामग्री जब्त की गई। वहीं महारानी रोड़ से फुटपाथ व सड़क किनारे से 4 ट्रक सामग्री जब्त की गई। निगम ने बुधवार को बम्बई बाजार क्षेत्र में भी अनाउंसमेंट कर दुकानदार/व्यापारियों से सड़क किनारे व फुटपाथ पर सामग्री नहीं रखने की अपील की गई।

### सड़क किनारे व फुटपाथ पर कब्जा

निगम के अमले द्वारा यशवंत निवास रोड़, जंजीर वाला चौराहा, मालगंज, मल्हारगंज, मालवा मिल, पाटनीपुरा, परदेशीपुरा सहित अन्य स्थानों पर ठेले-गुमटी व चार पहिया व दोपहिया वाहनों पर नियमों के विपरित अवैध दुकान निर्मित कर विशेषकर शाम के समय सड़क किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर स्ट्रीट फुड़, ज्यूस-शेक, फल-सब्जी व अन्य खाद्य सामग्री बेचने वालों को भी पिछले कुछ दिनों से लगातार समझाईश दी जा रही है।

# नि :शुल्क आई चेकअप कैंप 24 दिसंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रीजनल पीआर संस्था, पीआर 24-7 द्वारा मध्य प्रदेश के ग्राम दौलतपुर, सोनकच्छ- देवास में समाजसेवा की तीन दिवसीय निःस्वार्थ पहल- ग्राम सेवा और संस्कार का आयोजन 23, 24 और 25 दिसंबर, 2023 को किया जा रहा है। इसके तत्वाधान में चोइथराम नेत्रालय द्वारा 24 दिसंबर, 2023 रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूर्णतः निःशुल्क आई चेक अप कैंप और मोतिया बिन्द ऑपरेशन का आयोजन किया जाएगा। पीआर 24-7 के वाइस प्रेसिडेंट, क्राइसिस कम्युनिकेशन एंड पब्लिक अफेयर्स, विकास राजोरा ने कहा,आँखों का स्वस्थ होना एक व्यक्ति के जीवन में खूबसूरत रंग भरने में अनूठा योगदान देता है, वहीं आँखों में समस्या होने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# इंदौर में जीएसटी की अपीलेट ट्रिब्यूनल खुलेगी

## सांसद लालवानी ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में जीएसटी की अपीलेट ट्रिब्यूनल बेंच इंदौर में भी खुलेगी। लोकसभा में प्रस्तुत विधेयक के पक्ष में चर्चा करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने जीएसटी की अपील ट्रिब्यूनल बेंच इंदौर में भी खोलने की मांग रखी जिस पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इंदौर में भी यह बेंच खोली जाएगी। इससे पहले मध्यप्रदेश में ये बेंच भोपाल में खोली जा चुकी है।**

पिछले दिनों सांसद शंकर लालवानी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल इंदौर में खोलने का आग्रह किया था। सांसद लालवानी ने केंद्रीय वित्तमंत्री से कहा था कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा करदाता इंदौर में है।

साथ ही, इंदौर में आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और एनसीएलटी की बेंच भी मौजूद है। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ भी इंदौर में है इसलिए जीएसटी की अपीलेट ट्रिब्यूनल इंदौर में खोली जानी चाहिए। इससे टैक्स प्रोफेशनल तथा कारोबारियों को आसानी होगी।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बेंच खोलने का मुद्दा संसद में उठाया और माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस पर सहमति दी है। सांसद लालवानी ने आशा जताई कि जल्द ही यह बेंच इंदौर में शुरू हो जाएगी।

## एक साथ विहिप के 5 जिलों में निकलेगी शौर्य संचालन यात्रा, करेंगे कदमताल

**इंदौर**। शौर्य संचलन यात्रा गीता जयंती 22 दिसंबर को निकालने वाले हैं । यह यात्रा पूरे इंदौर विभाग के साथ साथ पूरे मालवा प्रांत में निकाली जा रही है। इस वर्ष 500 वर्ष बाद श्री राम मंदिर बन कर तयार हो चुका है । इस निमित्त पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य संचालन निकल रहा है । इस निमित्त इंदौर विभाग के पांच जिलों में एक साथ एक समय पर निकालना निश्चय हुआ है।




# अन्नकूट महोत्सव आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महानगर अग्रवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 22 दिसंबर को राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन किया जाएगा। महोत्सव में भगवान श्रीनाथजी का श्रृंगार कर छप्पन प्रकार के पकवान का नैवेद्य लगाया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती होगी। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। समाज के संयोजक राजेश कुंजीलाल गोयल, मंत्री रमेश गुप्ता पीठेवाले, उपाध्यक्ष कल्याणमल खजांची एवं महोत्सव संयोजक अनिल एकता दर्पण तथा अमिताभ सिंघल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी और अन्य देवी-देवताओं को 56 भोग समर्पित किए जाएंगे। भगवान श्रीनाथ का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। शाम सात बजे श्रृंगार दर्शन और आरती होगी, जिसमें सैकड़ों समाजबंधु सामूहिक आरती करेंगे।

# आरडीएसएस के तहत निमाड़ में 36 ग्रिड बनाने का कार्य प्रगति पर

## ◆विदयुत वितरण क्षमता में व्यापक बदलाव, उपभोक्ताओं की सुविधाएं बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से संचालित योजना आरडीएसएस के तहत बनाए जा रहे नए ग्रिड, लाइनों, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केपिसिटर बैंक इत्यादि कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की जा रही है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के आदेशानुसार गुरुवार की दोपहर खंडवा स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा करने के लिए मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पालन एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।**

इस दौरान बताया गया कि निमाड़ के चारों जिलों खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, ख?गोन में कुल 36 नए 33/11 केवी के ग्रिड तैयार किए जा रहे है। इससे विद्युत वितरण क्षमता 180 एमवीए बढ़ जाएगी। उपभोक्ता सुविधाओं में विस्तार होगा, वोल्टेज कम ज्यादा होने की समस्या से निजात मिलेगी। कृषि, घरेलू, औद्योगिक, गैर घरेलू सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। नए ग्रिड, ट्रांसफार्मर, पावर ट्रांसफार्मर, लाइनों, केपिसिटर बैंक इत्यादि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री मुख्यालय श्री आरएस तोमर, श्री एसके जैन, श्री बीडी फ्रेंकलिन, केतन रायपुरिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। शाम को खरगोन जिला मुख्यालय पर खरगोन सर्कल की मिटिंग में मुख्यालय के अधिकारियों के साथ खरगोन के अधीक्षण यंत्री श्री एसएस वर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लव-कुश के अवतारों में मनाया स्कूल का वार्षिक उत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जल सभागृह में यूसी किड्स स्कूल ने वार्षिक समारोह आयोजित किया। समारोह का उद्घाटन मिता बाफना ने दीप प्रज्वलित कर किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम लव पर आधारित थी। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, योग, नाटक की आकर्षित प्रस्तुति दी। मीता वफाना कहती है कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं और उन्हें जिस सांचे में डाला जाएगा वो वैसे ही स्वरूप ले लेंगे और वह कहती है कि आज के दौर में जितनी जरूरी शिक्षा है उतनी ही जरूरी बच्चों के मन में भावनाएं जागृत करना है। प्रेम का भाव हर बच्चों के अंदर होना चाहिए जिससे वह सभी के साथ प्रेम और भाईचारे से रहे। कार्यक्रम में संबंधों के बारे में भी बताया गया कि माता-पिता को बच्चों से और बच्चों को माता-पिता से, दोस्तों से, अपने आस- पास में रहने वालों को एक दूसरे से क्या उम्मीद रहती है, इसको एक नाटक के रूप में प्रदर्शित किया, जिसकी पालकों और अभिभावकों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई।


# फिर डराने लगा कोरोना

## भीड़ में तेजी से फैल सकता है नया वैरिएंट, सरकार सचेत

### क्रिसमस और नए वर्ष के जश्न में विशेष तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कोरोना ने एक बार फिर डरा दिया है। केरल में नए वैरिएंट जेएन.1 के मिलने और देशभर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ? के बाद हर कोई दहशत में आ गया है। एमपी में भी नए मरीज मिले हैं। जबलपुर व इंदौर में मिले इन संक्रमितों में हालांकि आधिकारिक तौर पर नए वेरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन ऐसी आशंका बनी हुई है। सबसे बुरी बात तो यह है कि कोरोना का ताजा दौर तब आया है जब देश दुनिया में नए साल के जश्न मनाने की तैयारी चल रही है। हजारों लाखों की भीड़ में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका है जिससे नए साल का जश्न खतरे में पड़ता दिख रहा है।**



राज्य सरकार को भी इसका अंदेशा है। इसलिए सरकार ने सतर्कता अपनाते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों को सचेत कर दिया है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को खासतौर पर हर हाल में भीड़ पर नियंत्रण रखने के लिए कहा गया है। प्रदेशभर के कलेक्टरों को क्रिसमस और उसके बाद नए वर्ष के जश्न में विशेष तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी भवनों में प्रवेश सीमित करने की सलाह दी गई है।

### कोरोना गाइडलाइन का हर हाल में पालन कराने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों के डीन और जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र में कोरोना गाइडलाइन का हर हाल में पालन कराने के लिए कहा गया है। कलेक्टरों को भी यह पत्र भेजकर क्रिसमस और नए वर्ष को देखते हुए भीड़ नियंत्रण की विशेष सलाह दी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों से सरकारी कार्यालयों में भी सीमित प्रवेश और पर्याप्त सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है।

### दवाओं का स्टाक रखने और माकड्रिल करने के निर्देश

अस्पतालों में बिस्तर, आइसीयू, वेंटिलेटर और आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा जा चुका है। दवाओं का स्टाक रखने और माकड्रिल करने को भी कहा गया है। वर्तमान में मौसम भी ऐसा है जिसमें वायरस तेजी से फैल सकते हैं। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेस व सेवर एक्युट रिस्पेरेटरी इन्फेक्शन के लक्षण वाले मरीजों की कोविड टेस्टिंग के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि अभी स्थिति सामान्य है और आवश्यकतानुसार कोविड टेस्ट की व्यवस्था प्रारंभ की जाएंगी।

### इंदौर में एक स्वस्थ, अब दो एक्टिव मरीज

स्वास्थ्य संचालनालय के बुलेटिन में बताया गया है कि भोपाल के जेपी हॉस्पिटल फीवर क्लीनिक में कोविड के जैसे लक्षणों वाले दो मरीज मिले हैं। सभी के सैंपल जांच के लिए एम्स भेजे गए हैं। साथ ही, दोनों कोविड संदिग्ध मरीजों का ट्रीटमेंट कोविड प्रोटोकॉल के तहत शुरू कर दिया है, ताकि बीमारी को बढ़ने से पहले नियंत्रित किया जा सके। बुलेटिन के मुताबिक, इंदौर में बुधवार को कोरोना के एक संदिग्ध मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं, होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इसके चलते इंदौर में कोरोना एक्टिव केस की संख्या दो हो गई है।

## आबकारी विभाग ने दी दबिश हजारों रुपए की शराब पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आबकारी विभाग ने जिले में संचालित ढाबों, रेस्टॉरेंटों पर कार्रवाई कर वहां से 45 हजार की अवैध शराब जब्त की। अचानक हुई इस कार्रवाई के चलते रेस्टॉरेंट और ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा के निर्देश पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के नेतृत्व में बायपास रोड पर ग्रिलियस रेस्टॉरेंट, ग्रेट इंडियन ढाबा, बीर दी महफिल ढाबा, जसपाल आदि ढाबों-होटलों तथा अन्य मदिरा के अवैध विक्रय स्थलों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान मदिरापान कराते पाए जाने तथा अवैध अवैध संग्रहण करने के 43 प्रकरण पंजीकृत किए गए। इसमें 4 लीटर देशी मदिरा, 15 लीटर विदेशी मदिरा, 92 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की है, जिससी कीमत करीब 45 हजार रुपए की है।

## महिला से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में मनचले ने एक महिला के साथ में छेड़छाड़ की है। पुलिस ने सतीश पटेल पिता नारायण पटेल के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी उसके घर पर आया और बेटे का नाम लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने धक्का देकर घर में घुस आया और बुरी नीयत से हाथ पकड़ा। उसके शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। वह पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है।

## लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में 31 जनवरी 2024 तक लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अभियान 04 सप्ताह तक संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत समस्त समूहों से जुडी महिलाओं को जेण्डर आधारित मुद्दों व हिंसा के स्वरूप से अवगत कराया जायेगा। महिलाओं के परिवारों व महिला पर हो रही हिंसा के खिलाफ सामुदायिक आवाज उठाई जायेगी। जो भी हिंसा के केस आ रहे हैं उन्हें संबंधित उपयुक्त जैसे पुलिस, वन स्टाप सेंटर आदि में पंजीकृत कराया जायेगा।



इस संबंध में जिले के कुल 6 संकुल स्तरीय संगठनों में जागरूकता अभियान आयोजित किये जा रहे हैं एवं इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत रंगोली, व्याख्यान, रेली, फिल्म आदि गतिविधियों के माध्यम से जागरूक बनाया जा रहा हैं। वर्तमान में संचालित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के समय भी पूरे कार्यक्रम अन्तर्गत जेण्डर, शपथ व रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिले में लगभग 150 समूहों व 50 ग्राम संगठनो में यह अभियान चलाया जा रहा है। 31 जनवरी 2024 तक जिले में गठित 4243 स्व सहायता समूह, 443 ग्राम संगठनों एवं 19 संकुल स्तरीय संगठनों में जागरूकता अभियान किये जायेंगे एवं महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा को रोकने हेतु प्रत्येक महिला को जागरूक बनाया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा भी इसका वृहद स्तर पर आयोजन कर सम्बंधित विभागों एवं जन प्रतिनिधियों को इस अभियान में सम्मलित कर जागरूकता बढ़ाई जायेगी।

## ड्राइवर की खुदकुशी में पत्नी-सास और दो सालों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एफआरवी (डायल-100) के ड्राइवर की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसकी पत्नी-सास और दो सालों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करते थे। पुलिस के मुताबिक, 25 वर्षीय पूनम राजकुमार कश्यप निवासी रफेली चौकी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन के सामने सराफा थाना की डायल-100 गाड़ी चलाता था। उसकी 19 अप्रैल 2019 को हाथरस (उप्र) निवासी प्रीति से शादी हुई थी। दोनों का एक बेटा भी था। शादी के एक साल बाद ही विवाद होने लगा और प्रीति ने पूनम को धमकाया। बेटे को लेकर मायके चली गई। 19 नवंबर 2020 को पूनम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में बाणगंगा पुलिस ने जांच की और बुधवार को पत्नी प्रीति, सास मुन्नीदेवी और साले प्रदीप सिंह और पवन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मोबाइल दुकान में घुसे चोर

**इंदौर।** गांधीनगर इलाके में एक मोबाइल दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। बदमाश दुकान में रखे मोबाइल सहित लाखों रुपए का माल उड़ा ले गए। चोरी की वारदात बांगड़दा रोड स्थित प्रियंक वाच एंड टेलीकॉम में हुई। यह दुकान प्रियंक सोनी निवासी गांधीनगर की है। प्रियंक ने पुलिस को बताया कि वह बीती रात दुकान में ताले लगाकर चले गए थे, अगली सुबह लौटे तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले। अज्ञात बदमाश दुकान में रखें नोकिया कंपनी के पांच मोबाइल, आई-10 कंपनी के पांच मोबाइल सहित एसेसरीज व अन्य सामान चुराकर ले गए हैं। चोरी गए माल की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। इसी प्रकार शिप्रा थाना क्षेत्र में भी एक घर में चोरी हो गई। आरोपी घर से जेवर चुराकर ले गया। योगेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह बुंदेला निवासी प्यूमार्थ पार्क मांगलिया के घर में भी चोरी हो गई। आरोपी उनके घर का ताला तोड़कर घर में घुसा और वहां से सोने-चांदी के जेवरात चुराकर ले गया।

## दुबई में रहने वाले इंदौरियों ने की जीरो वेस्ट पार्टी

### नहीं किया सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्वच्छता इंदौरियों के संस्कारों में शामिल हो चुकी है। यह संदेश दुबई में रहने वाले इंदौरियों ने जीरो वेस्ट पार्टी आयोजित कर दिया। इस पार्टी में 70 से ज्यादा इंदौरियों ने इस तरह की किसी भी वस्तु का इस्तेमाल नहीं किया, जो डस्टबीन तक पहुंचे। इस पार्टी में गीला कचरा भी काफी कम निकला।

दुबई में रहने वाले परिवारों ने पार्टी में यह संकल्प भी लिया कि वे अपने रोजमर्रा के जीवन में जीरो डिस्पोजेबल का कम से कम उपयोग करेंगे। दुबई में आयोजित पार्टी में शामिल हुए इंदौरवाले ग्रुप के समीर शर्मा ने बताया कि दुबई में रहने वाले इंदौर के परिवारों ने ही फैसला लिया था कि भारतीय समुदाय जीरो वेस्ट पार्टी कर दुबई में पहला समुदाय बने। पार्टी में प्लास्टिक बॉटर और डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं किया गया। पार्टी में इस तरह का कचरा नहीं निकला, जिसे निपटान के लिए प्लांट तक पहुंचाया जा सके। दुबई में बसे परिवारों के बच्चों से इंदौर के स्वच्छता में लगातार नंबर वन आने के प्रयास व अनुभव भी साझा किए गए। परिवारों ने कहा कि भविष्य में जब भी इंदौरियों से जुड़ा आयोजन दुबई में होगा तो उसकी थीम जीरो वेस्ट रखी जाएगी। पार्टी में शामिल युवाओं एवं परिवारों ने सिंगल यूज प्लास्टिक को त्यागने का संकल्प लिया।

# पूर्व मंत्री की चिकन पार्टी की जांच पर सवाल

## वन विभाग के जिस अफसर पर आरोप उसे ही सौंपा इंवेस्टिगेशन का जिम्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में पूर्व मंत्री की चिकन पार्टी और प्राइवेट गाड़ियां अंदर ले जाने के मामले की जांच दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। एसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप फैलोज ने संबंधित कर्मचारियों के बयान लिए हैं।**

इस जांच पर सवाल भी उठने लगे हैं। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) असीम श्रीवास्तव ने जांच की जिम्मेदारी फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति को ही सौंप दी है। फील्ड डायरेक्टर मामले की जांच डिप्टी डायरेक्टर संदीप फैलोज से करा रहे हैं। दुबे ने अपनी शिकायत में फील्ड डायरेक्टर कृष्णमूर्ति पर भी गंभीर आरोप लगाए थे।

अजय दुबे ने कहा, पूर्व मंत्री ने कोर एरिया में आग जलवाई। मांस पकवाया। यह बिना सीनियर अफसरों के संरक्षण के संभव नहीं। नर्मदापुरम में एसटीआर का कोई वरिष्ठ अफसर फील्ड डायरेक्टर के ऊपर नहीं है। जांच भोपाल के किसी अफसर से कराई जानी चाहिए।



वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट दुबे के आरोप पर फील्ड डायरेक्टर कृष्णमूर्ति से बात करना चाही तो उन्होंने मीटिंग में होने का हवाला देकर बाद में संपर्क करने की बात कही है।

### जांच में चौकीदारों के खाना बनाने की बात

गुरुवार को एसटीआर के पश्चिम पचमढ़ी रेंज के रेंजर सुनील पंद्रे, डिप्टी रेंजर, फॉरेस्ट गार्ड और चौकीदारों के बयान लिए गए हैं। पता लगाया जा रहा है कि 16 दिसंबर को पूर्व वन मंत्री विजय शाह की पार्टी का इंतजाम किस अधिकारी के निर्देश पर किया गया था? अब तक की पूछताछ में सिद्धबाबा पहाड़ी एरिया में चौकीदारों द्वारा खाना बनाने की बात कही गई है। सामने आए तस्वीरों-वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि खाना खुले में बनाया जा रहा है। इससे आग लगने का खतरा था।

### दुबे ने फील्ड डायरेक्टर पर ये आरोप लगाए

वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने शिकायत में कहा है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर एल. कृष्णमूर्ति के संरक्षण में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन लगातार जारी है। फील्ड डायरेक्टर अक्सर वीआईपी लोगों को नियम-कानून तोड़कर सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसकी पहले भी शिकायतें हुई थीं, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए गए।

### विजय शाह बोले- मैं चिकन नहीं खाता, न बनवाया

चिकन पार्टी पर पूर्व मंत्री विजय शाह ने कहा, ढ़ारोरीघाट में कैंप है। यहां एसटीआर का स्टाफ रुकता है। यहां वॉच टावर बन रहा है। इसे देखने के लिए मैं वहां गया था। वहां जो स्टाफ रहता है, वह वहीं खाना बनाता और खाता है। मैं चिकन नहीं खाता और न ही बनवाया है।

### पूर्व वन मंत्री शाह के लिए एसटीआर में चिकन पार्टी

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के कोर एरिया में पूर्व वन मंत्री की आवभगत के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें फॉरेस्ट गार्ड चिकन, बाटी और भरता पकाते दिख रहे हैं। एक वीडियो हरसूद से भाजपा विधायक विजय शाह और उनके मित्र का है, जो शाह ने खुद बनाया है। दोनों वीडियो 15 से 18 दिसंबर के बीच के बताए जा रहे हैं।

## आज की रात 13 घंटे 19 मिनट की होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण के कारण शुक्रवार को सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत् होगा। इस दिन सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 17 विकला दक्षिण होगी। जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित देशों में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी।**

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 22 दिसंबर को खगोलीय घटना होगी जिसके तहत शुक्रवार को सबसे छोटा दिन होगा। उज्जैन में सूर्योदय 7 बजकर 5 मिनट तथा सूर्यास्त 5 बजकर 46 मिनट पर होगा,जिससे उज्जैन में दिन की अवधि 10 घंटे 41 मिनट तथा रात की अवधि 13 घंटे 19 मिनट की होगी। इस दौरान सूर्य सायन मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सूर्य मकर राशि में 0 अंश 7 कला 44 विकला पर होगा। सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टिगोचर होना प्रारंभ हो जाती है,जिसे उत्तरायन का प्रारंभ कहते हैं। सूर्य की उत्तर की ओर गति होने के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर होगा। तब दिन-रात बराबर होंगे।

## कोर्ट का फैसला, नाबालिग लड़की से प्यार, रेप, सजा उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा कोर्ट ने एट्रोसिटी के एक मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा विशेष न्यायधीश प्राची पटेल की कोर्ट ने आरोपी ओंकार हरबोला (19) निवासी बड़गांव माली को एट्रोसिटी एक्ट में उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला 6 जुलाई 2019 का है, उस समय आरोपी ने 16 वर्षीय पीड़िता को शादी का लालच दिया और घूमने के लिए गोवा ले गया था। बाद में पत्नी की तरह साथ रखने लगा और रेप करता रहा। केस में पैरवी एडीपीओ रूपेश तमोली ने की। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके ने बताया कि आरोपी ओंकार ने पीड़िता को उसके पास बुलाया और उसे शादी करने के लिए बहला फुसलाकर अपने साथ गोवा ले गया। पीड़िता गोवा से वापस उसके साथ सारंगपुर गांव आ गई। दोनों वहां झोपड़ी बनाकर रहने लगे, इस दौरान ओंकार ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, परिजन की गुमशुदगी पर पुलिस ने आरोपी ओंकार के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया और पीड़िता को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया। पुलिस ने जांच के बाद चालान न्यायालय में पेश किया, जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई है।

## नकल उतारने वाले सांसद का पुतला फूंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नकल उतराने के विवाद के बाद उज्जैन के टावर चौक पर भाजयुमो कार्यकतार्ओं ने नारेबाजी करते हुए बनर्जी का पुतला जला दिया। भाजयुमो ने टावर चौक पर उप राष्ट्रपति के अपमान को लेकर नकल उतारने वाले टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन व पुतला दहन किया। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह कुशवाह, विधायक अनिल जैन सहित भा जु यु मो के 50 से अधिक कार्यकर्ता ने नारे बाजी करते हुए फ्रीगंज के टावर चौक पर पुतला दहन किया। हर्ष वर्धन ने बताया कि भारतीय संस्कृति को छीन भिन्न करते हुए सांसद ने व्यवहार किया। साथ ही, राहुल गांधी ने इसे बढ़ावा दिया। ये विपक्ष के विचारों का पुतला दहन है।

## पचमढ़ी से ठंडे ग्वालियर, दतिया और राजगढ़

### मप्र के सभी शहरों में न्यूनतम पारा 13 डिग्री से नीचे; बादल छाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठिठुरन है। गुरुवार को सुबह कड़ाके की ठंड रही। लगातार दूसरी रात प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज हुआ। पचमढ़ी में यह 7.6 डिग्री रहा। नौगांव (छतरपुर) में 7, राजगढ़ में 7.2, दतिया में 7.3 न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।**

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और प्रदेश के दूसरे शहरों में न्यूनतम पारा 12.9 डिग्री से नीचे रहा। सबसे ज्यादा 12.9 डिग्री नर्मदापुरम में दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि 22 दिसंबर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर रहेगा। इस कारण 22-23 दिसंबर को कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। तेज ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। बारिश के आसार नहीं हैं। 25 दिसंबर के बाद ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा।

### बुधवार को 12 शहरों में रहा कोल्ड डे

बुधवार को प्रदेश के 12 शहरों में कोल्ड डे रहा। यह शहर हैं- बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, उज्जैन, दतिया, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बालाघाट जिले का मलाजखंड और ग्वालियर इससे भी ठंडे रहे। मलाजखंड में तापमान 21 डिग्री और ग्वालियर में 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबलपुर में तापमान 2.9 डिग्री की गिरावट के साथ 22.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

## युवती का नहाते हुए वीडियो बनाते पकड़ाया वेटर

### रतलाम के होटल में ठहरी थी दिल्ली की युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में डाट की पुलिया स्थित सागर होटल में रुकी दिल्ली की युवती का नहाते हुए वीडियो बनाते वेटर पकड़ाया है। युवती की रिपोर्ट पर धारा 354 सी में केस दर्ज किया गया है।

स्टेशन रोड थाना टीआई बीआर वर्मा ने बताया कि होटल में रुकी युवती की रिपोर्ट पर वेटर नरेंद्र सिंह पिता घनश्याम सिंह निवासी ग्राम इटावा (उज्जैन) पर धारा 354 सी का केस दर्ज किया है। बुधवार दोपहर रूम नंबर 306 में रुकी युवती जब बाथरूम में नहा रही थी तो उसे कुछ आवाज आई। उसने बाथरूम के वेंटिलेशन की ओर देखा तो कोई उसका वीडियो बनाने का प्रयास कर रहा था। उसके शोर मचाने पर भाई और मां तत्काल बाहर पहुंचे और वेटर को पकड़ लिया। होटल के अन्य कर्मचारी भी आ गए व सभी ने वेटर की पिटाई कर दी। सूचना पर स्टेशन रोड थाना पुलिस पहुंची और आरोपी को पकड़कर मोबाइल जब्त किया। होटल संचालक ने बताया कि होटल में चल रहा रेस्टोरेंट किराए पर दे रखा है और वेटर उसी का कर्मचारी था।

## आलीराजपुर के जोबट में राज्यपाल का दौरा

# मंगू भाई पटेल बोले- जीते जी रक्तदान और मौत के बाद नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल एक दिवसीय दौरे पर अलीराजपुर जिले के जोबट पहुंचे। यहां पहुंचकर गायत्री शक्तिपीठ के नवीन भवन का लोकार्पण कर वृक्षारोपण किया। राज्यपाल उसके बाद गायत्री शक्तिपीठ के 40 वे वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जहां उन्होंने नेत्रदान वाले परिवारों का सम्मान किया।

गायत्री शक्तिपीठ संस्था प्रमुख शिवनारायण सक्सेना ने बताया कि भारत के सबसे पिछड़े जिले के जोबट में बिना किसी शासकीय मदद के गायत्री शक्तिपीठ नेत्र संकलन का कार्य कर रही है। अब तक 99 नेत्र संकलित किया जा चुके है। हमारी संस्था मौत के बाद पगड़ी की रस्मों में रक्तदान शिविर का आयोजन भी करती है। राज्यपाल ने गायत्री शक्तिपीठ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जीते जी रक्तदान और मरने के बाद नेत्रदान सबसे बड़ा दान है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल-** गायत्री शक्तिपीठ कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल मंगू भाई पटेल जोबट के ग्राम बिलखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सम्मान निधि, समर्थन मूल्यों पर उपार्जन, कृषि अधोसंरचना निधि विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं के अंतर्गत विगत साढ़े तीन वर्षों में किसानों के खातों में लगभग 3 लाख करोड़ की राशि अंतरित की। राज्यपाल मंगू भाई ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने मध्यप्रदेश की महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में आगे बढ़ने में उल्लेखनीय अवसर प्रदान किए हैं। सरकार ने प्रदेश में लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 61 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर से शुरू हो चुका है। प्रदेश में यात्रा की कमान स्वयं जनता ने संभाली है। प्रधानमंत्री जी की गारंटी वाली गाड़ी प्रदेश के नगर-नगर और गांव-गांव में पहुंच रही है।

Bihar

# होशियार! बिहार आ गया कोरोना; केरल और असम के रास्ते इंट्री, आफत से बचना है तो तीन बातें भूले नहीं



पटना , (एजेंसी) कोरोना बिहार भी आ गया है। इस बार भी केरल के रास्ते भारत में इसकी एंट्री हुई थी। कुछ ही दिनों में यह केरल के ही रास्ते बिहार भी आ गया है। केरल के अलावा असम के रास्ते भी एक केस बिहार आ चुका है। पटना में गुरुवार को दो कोविड संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें से एक पटना का और दूसरा बांका का रहने वाला है। एक मरीज को बिहटा ईएसआईसी और दूसरे को आईजीआईएमएस में इलाज कराने पहुंचा था। जांच में पता चला कि एक की ट्रैवल हिस्ट्री केरल की तो वहीं दूसरे की आसाम की है। युवकों की उम्र 25 से 29 साल के बीच है। स्वास्थ्य विभाग इनका जिनोम सिक्वेंसिंग कराएगी।

इधर, देश भर में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 594 नए मरीज मिले हैं। वहीं 2669 केस एक्टिव हैं। मतलब, अब वक्त आ गया है तत्काल संभलने का। अगर 2020 और 2021 की त्रासदी भूल गए हों तो घबराए बगैर तीन बातें तत्काल याद करें- 1. दो गज दूरी, है जरूरी- यानी सोशल डिस्टेंसिंग 2. मास्क है जरूरी- यानी सांसों के जरिए पहुंचने से रोकें 3. सैनिटाइज करते रहें।

केंद्र और राज्य सरकार ने तैयारियों की जानकारी देने के साथ नहीं घबराने की बात भी कही है, लेकिन 2020 और 2021 में अपनों की जान गंवाने वाले और कोविड के कारण कई नई परेशानियों को झेल रहे लोगों को सब याद करते हुए तत्काल अपनी और अपनों के साथ दूसरों की भी सुरक्षा का ख्याल कर लेना होगा। बिहार के स्वास्थ्य सचिव ने इन दोनों केस की पुष्टि करते हुए इन्हें होम आइसोलेशन की सलाह दिए जाने की जानकारी दी है, लेकिन केरल और असम के रास्ते में इनके साथ रहे लोगों को विशेष रूप से अलर्ट रहना होगा।

New Delhi

## LPG Price : नए साल से पहले महंगाई से राहत... आज से 39 सस्ता हो गया एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) केंद्र सरकार ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती करके उपभोक्ताओं को क्रिसमस और नए साल का प्री गिफ्ट दिया है.ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल LPG सिलेंडर की कीमत में 39.50 की कटौती की है. दिल्ली में अब 19 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर 1757.50 में मिलेगा. हालांकि, डोमेस्टिक LPG सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. कीमतों में कटौती आज यानी 22 दिसंबर से लागू होगी.**

LPG की कीमत में इस कटौती से होटल और रेस्टोरेंट जैसे कमर्शियल रसोई गैस उपयोगकर्ताओं को कुछ राहत मिली है. इससे पहले दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1796.50 रुपये, मुंबई में 1749 रुपये, कोलकाता में 1908 रुपये और चेन्नई में 1968.50 रुपये थी. कीमत में 39.50 रुपये की कटौती के बाद कमर्शियल सिलेंडर अब कोलकाता में 1869 रुपये, मुंबई में 1710 रुपये और चेन्नई में 1929.50 रुपये में मिलेगा.

Bihar

## पटना के किसान मेले में पहुंचा 10 करोड़ का भैंसा, देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना के वेटनरी ग्राउंड में बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो का आयोजन किया गया है. यहां 10 करोड़ रुपये की कीमत का भैंसा लाया गया है. इस भैंसे को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. जानकारी के अनुसार, पटना में भोलू नाम का ये भैंसा हरियाणा से लाया गया है. यह भैंसा मुर्रा नस्ल का है. भैंसे के मालिक का कहना है कि भैंसे की कीमत दस करोड़ रुपये तक लगाई जा चुकी है. इसके लिए भैंसा के मालिक नरेंद्र सिंह को राष्ट्रपति से पद्मश्री भी मिल चुका है. इस भैंसे का इस्तेमाल ब्रीडिंग के लिए किया जाता है. 10 करोड़ के भैंसे के मालिक नरेंद्र सिंह ने कहा कि वे हर रोज भैंसे को साधारण चारा खिलाते हैं. भैंसे पर हर महीने करीब 50 से 60 हजार रुपये खर्च होता है.

Jharkhand

## झारखंड में आधी रात नक्सलियों ने रेलवे लाइन को IED विस्फोट से उड़ाया, ट्रेनों की आवाजाही ठप

**सोनुवा, (जमशेदपुर), (एजेंसी)** नक्सलियों ने प्रतिरोध सप्ताह के दौरान गुरुवार रात 12 बजे डेरंवा व पौसेता के बीच थर्ड लाइन को आईईडी विस्फोट कर उड़ा दिया। विस्फोट से किमी पोल संख्या 356/29A-31A के पास पटरी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इधर, इसकी सूचना मिलते ही रेलवे ने एहतियात बरतते हुए चक्रधरपुर रेल मंडल के चक्रधरपुर व मनोहरपुर के बीच रेल यातायत रोक दी।

नक्सलियों ने डेरवां के बाद लगा रखा था बैनर : बताया जाता है कि नक्सलियों ने डेरंवा स्टेशन के पास अप लाइन पर बैनर लगा रखा था। बैनर टाटा-इतवारी पैसेंजर ट्रेन के इंजन में फंसकर आगे निकल गया, पर किसी को पता तक नहीं चला। इसके बाद देर रात नक्सलियों ने विस्फोट कर पटरी उड़ा दी।

विस्फोट की घटना के बाद मनोहरपुर में दो ट्रेनों हापा-हावड़ा सुपर फ़ास्ट और संबलेश्वरी एक्सप्रेस को रोक दिया गया और पुलिस चौकसी बरत रही है। साथ ही सभी स्टेशनों पर अलर्ट जारी करने के साथ सुरक्षाबलों को भी अलर्ट मोड में डाल दिया गया है। मालूम हो कि नक्सलियों (भाकपा माओवादी) द्वारा 16 से 22 दिसंबर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाया जा रहा है।

खेल

## दक्षिण अफ्रीका में पांच साल बाद वनडे सीरीज जीता भारत, सैमसन के शतक बाद अर्शदीप ने बरपाया कहर



**पर्ल, (एजेंसी)** केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में तीन वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से जीत गई है। उसने गुरुवार (21 दिसंबर) को सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में मेजबान टीम को 78 रन से हरा दिया। राहुल की कप्तानी में ही टीम को 2022 में हार मिली थी। तब दक्षिण अफ्रीका ने तीनों मैच जीत लिए थे। यहां तक कि राहुल के कप्तान रहते भारत एक टेस्ट मैच भी हारा था। उस दौरे पर उनके नेतृत्व में टीम इंडिया चार मैच हारी थी। राहुल ने उन कड़वी यादों को भुलाते हुए बतौर कप्तान शानदार वापसी की।

मैच में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 45.5 ओवर में 218 रन पर सिमट गई।


भारत पांच साल बाद दक्षिण अफ्रीका में वनडे सीरीज जीता है। 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में छह मैचों की सीरीज को टीम इंडिया 5-1 से जीतने में सफल हुई थी। राहुल दक्षिण अफ्रीका में वनडे सीरीज जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान बन गए। टीम इंडिया 1992, 2006, 2011, 2013 और 2022 में वहां सीरीज हारी है। पार्ल के बोलैंड पार्क में भारत पहली बार दक्षिण अफ्रीका से वनडे जीता है। इससे पहले 2022 में उसे दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था।

दक्षिण अफ्रीका के लिए टोनी डि जोर्जी ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। उन्होंने पिछले मैच में शतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। इस बार वह ऐसा नहीं कर पाए। कप्तान एडेन मार्करम ने 36 रन बनाए। हेनरिच क्लासेन ने 21, रीजा हेंड्रिक्स ने 19, ब्यूरेन हेंड्रिक्स ने 18 और केशव महाराज ने 10 रन बनाए। रसी वान डर डुसेन और लिजाद विलियम्सन दो-दो रन ही बना पाए। वियान मुल्डर ने एक रन बनाया और नंद्रे बर्गर एक रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए। उन्होंने सीरीज में कुल नौ विकेट झटके। आवेश खान और वॉशिंगटन सुंदर को दो-दो सफलता मिली। मुकेश कुमार और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने शुरुआती झटकों के बाद टीम की पारी को संभालते हुए अपने अंतरराष्ट्रीय करिअर में पहली बार शतक जड़ दिया। संजू ने 108 रन की पारी में 114 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के जड़े। संजू ने 2021 में अपना पहला वनडे मैच खेला था और वह अभी तक 16 वनडे मैच खेल चुके हैं। संजू ने कप्तान केएल राहुल के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 और तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 116 रन की अहम साझेदारियां निभाईं। तिलक ने भी अपने वनडे करियर में पहली बार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 77 गेंदों की पारी में 52 रन बनाए और पांच चौके व एक छक्का लगाया। उनके अलावा अलीगढ़ के रिंकू सिंह ने भी उपयोगी पारी खेली। उन्होंने 38 रन की पारी में 27 गेंद खेली और 3 चौके व 2 छक्का जड़े।

सिनेमा

## सालार सीजफायर से लीक हुआ सालार 2 का पोस्ट क्रेडिट, आमने सामने होंगे प्रभास और पृथ्वीराज!



अभिनेता प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, जगपति बाबू, बॉबी सिम्हा, टीनू आनंद, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी और रामचंद्र राजू स्टारर 'सालारःपार्ट 1 सीजफायर' रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स फिल्म को ब्लॉकबस्टर बता रहे हैं। फिल्म के पहले पार्ट को काफी पसंद किया जा रहा है और इस बीच सोशल मीडिया पर इसके दूसरे पार्ट 'सालारः पार्ट 2- शौर्यांग पर्वम' (Salaar Part 2 Shouryaanga Parvam)के कंफर्मेशन का भी सबूत आ गया है। यानी सालार पार्ट 1 के पोस्ट क्रेडिट से सालार 2 की पहली झलक सामने आई है।

सोशल मीडिया पर 'सालारःपार्ट 1- सीजफायर' के कई फोटोज और वीडियोज तेजी से वायरल हो रहे हैं। सालार सिर्फ एक पार्ट नहीं बल्कि दो पाट्र्स में रिलीज होगी। फिल्म का पहला पार्ट आज रिलीज हुआ है और इसके पोस्ट क्रेडिट सीन्स दूसरे पार्ट का भी आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पृथ्वीराज सुकुमारन, प्रभास को देखकर करते हैं- सालार। इसके बाद स्क्रीन पर 'सालारः पार्ट 2- शौर्यांग पर्वम' लिखा आता है। इसे देख ऐसा लग रहा है कि दूसरे पार्ट में प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की टक्कर देखने को मिल सकती है।

# संपादकीय

## सरकारों की चिंता वाजिब


भारत जैसे देश में, जहां बहुत सारे इलाकों में भीड़भाड़ अधिक रहती है, लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरूकता कम है, खांसी-जुकाम जैसी शिकायतों में प्राय: अनदेखी और देसी उपचार पर अधिक भरोसा देखा जाता है, वहां किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना जैसे विषाणु को पांव पसारने का मौका देती है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों की चिंता वाजिब है। दरअसल एक बार फिर कोरोना विषाणु के पांव पसारने की आशंका गहराने लगी है। पिछले कुछ दिनों में कोरोना के मामलों में एकदम से उछाल दर्ज हुआ। एक दिन में एक सौ चालीस से अधिक मामले पाए गए। फिर कोरोना के नए बहुरूप जेएन.1 से संक्रमित एक व्यक्ति की केरल में पहचान हो गई। उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो गया है। मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिख कर इससे सावधान रहने को कहा है। तमिलनाडु और केरल सरकार ने लोगों को कोरोनोचित एहतियाती उपाय बरतने का निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है। यह अच्छी बात है कि शुरूआती मामला सामने आने के तुरंत बाद सरकारें सतर्क हो गई हैं और लोगों को भी जागरूक रहने को प्रेरित कर रही हैं। कोरोना के शुरूआती मामले केरल से ही फैले थे, जो देश भर में तबाही का कारण बने। हालांकि अभी उसके नए बहुरूप के प्रभाव इतने खतरनाक नहीं हैं कि उसे लेकर बहुत घबराने की जरूरत है, मगर मामूली लापरवाही भी महामारी का रूप ले सकती है। बड़ी मुश्किल से कोरोना के फैलाव पर काबू पाया जा सका था। देश भर में टीकाकरण और सख्त नियमों के जरिए लोगों को सुरक्षित किया जा सका। मगर चिकित्सा विज्ञानियों का कहना था कि कोरोना विषाणु सदा के लिए समाप्त नहीं हो सकता। यह रूप बदल-बदल कर हमारे बीच में ही उपस्थित रहेगा और हमें अब इसके साथ ही जीने की आदत डालनी होगी। यानी महामारी की छाया बनी हुई है। दरअसल, कोई भी विषाणु पूरी तरह समाप्त नहीं होता, वातावरण, मौसम आदि के मुताबिक अपना रूप बदल लिया करता है। उससे पार पाने के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनी पड़ती है। पहले भी प्रतिरोधक टीकों के जरिए ही अनेक महामारी फैलाने वाले विषाणुओं पर काबू पाने में कामयाबी पाई जा सकी है। कोरोना के टीकों का भी निस्संदेह प्रभाव देखा गया।

**अर्ज़ किया है..!**

*न ज़िंदगी है अपने क़ब्ज़े में*
*न अपने बस में मौत*
*आदमी मजबूर है और किस*
*क़दर मजबूर है*

*-अहमद आमेठवी*

MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

**भगवान सूत्र देते हैं कि...**
**कहने से दु:ख कम होता है...**
**अपनी वेदना दूसरे को सुनाने से**
**दु:ख कम होता है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# स्मार्त मत और वैष्णव मत में भेद को समझिये

व्रत-उपवास आदि करने वालों को 'वैष्णव' व 'स्मार्त' में भेद का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। हम यहां 'वैष्णव' व 'स्मार्त' का भेद स्पष्ट कर रहे हैं।

'वैष्णव'- जिन लोगों ने किसी विशेष संप्रदाय के धर्माचार्य से दीक्षा लेकर कंठी-तुलसी माला, तिलक आदि धारण करते हुए तप्त मुद्रा से शंख-चक्र अंकित करवाए हों, वे सभी 'वैष्णव' के अंतर्गत आते हैं।

'स्मार्त'- वे सभी जो वेद-पुराणों के पाठक, आस्तिक, पंच देवों (गणेश, विष्णु, शिव, सूर्य व दुर्गा) के उपासक व गृहस्थ हैं, 'स्मार्त' के अंतर्गत आते हैं।

कई पंडित यह बता देते हैं कि जो गृहस्थ जीवन बिताते हैं वे स्मार्त होते हैं और कंठी माला धारण करने वाले साधु-संत वैष्णव होते हैं जबकि ऐसा नहीं है जो व्यक्ति श्रुति स्मृति में विश्वास रखता है। पंचदेव अर्थात ब्रह्मा , विष्णु , महेश , गणेश , उमा को मानता है , वह स्मार्त हैं

प्राचीनकाल में अलग-अलग देवता को मानने वाले संप्रदाय अलग-अलग थे। श्री आदिशंकराचार्य द्वारा यह प्रतिपादित किया गया कि सभी देवता ब्रह्मस्वरुप हैं तथा जन साधारण ने उनके द्वारा बतलाए गए मार्ग को अंगीकार कर लिया तथा स्मार्त कहलाये।

जो किसी वैष्णव सम्प्रदाय के गुरु या धर्माचार्य से विधिवत दीक्षा लेता है तथा गुरु से कंठी या तुलसी माला गले में ग्रहण करता है या तप्त मुद्रा से शंख चक्र का निशान गुदवाता है । ऐसे व्यक्ति ही वैष्णव कहे जा सकते है अर्थात वैष्णव को सीधे शब्दों में कहें तो गृहस्थ से दूर रहने वाले लोग।

वैष्णव धर्म या वैष्णव सम्प्रदाय का प्राचीन नाम भागवत धर्म या पांचरात्र मत है। इस सम्प्रदाय के प्रधान उपास्य देव वासुदेव हैं, जिन्हें छ: गुणों ज्ञान, शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य और तेज से सम्पन्न होने के कारण भगवान या 'भगवत' कहा गया है और भगवत के उपासक भागवत कहलाते हैं।

## Highlights

1. **Didn't want women to be harassed: Smriti on her 'period is not handicap' statement**
2. **Sakshi Malik quits as Brij Bhushan associate wins WFI polls**
3. **Soldier succumbs to injuries after attack on Army vehicles in J&K**
4. **₹8 lakh reward announced for info on 29-yr-old Indian student missing in US since 2019**
5. **Noida reports 1st COVID-19 case in months as 54-yr-old tests positive**

# Amazon reduces Prime Lite membership price by ₹200: What are new benefits?

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon users have reason to celebrate before the New Year, as the e-commerce giant has slashed the price of its Prime Lite membership. The membership cost has been reduced by ₹200, now listed at ₹799 on Amazon's Prime support page, down from its previous rate of ₹999.

Originally priced at ₹999, the Prime Lite membership offers slightly fewer benefits compared to the regular Prime membership. Amazon has not only lowered the cost to ₹799 but also made adjustments to the benefits included.

Which features are reduced with price cut?

The revised plan now provides one-day delivery, two-day delivery, scheduled delivery, and same-day delivery, expanding its services beyond the previous two-day delivery. Notably, Prime Music is still absent, and Prime Video is limited to HD quality.

Additionally, the subscription now supports only one device, as opposed to the previous allowance of two.




What are benefits of Amazon Prime Lite membership?

Prime Lite Membership offers a range of benefits for all Prime Eligible items, including:

Free Delivery to eligible addresses:

• One-Day, Two-Day, Scheduled, and Same-Day Delivery.

• No-Rush Shipping with ₹25 cashback to eligible addresses.

Discounted delivery charges to eligible addresses:

• Morning Delivery at ₹175 per item.

• No minimum order value required for FREE Standard Delivery.

Amazon Pay ICICI Bank Credit Card:

• Eligible Prime members earn 5% cashback on Amazon. in purchases.

• Digital and Gift Card purchases earn 2% back, plus rewards elsewhere.

Amazon Prime Video:

• Unlimited HD streaming of movies, Amazon originals, Live sports, and TV shows on one device.

Prime Early Access & Exclusive Deals:

• Early access to Lightning Deals.

• Exclusive Lightning Deals and Deals of the Day.

# Gautam Adani and family to make ₹8,300 crore mega-investment in this company

**NEW DEIHI, (Agency)** Billionaire Gautam Adani, in a move to advance the environmental sustainability of the firm, has planned to make a whopping investment towards the company Adani Green Energy, reported Bloomberg. Adani and family will be making an investment of $1 billion ( ₹8,340 crore approximately).

Adani Green is considering issuing preferential shares to



the company's founders to meet expansion and refinancing requirements, the report said, citing sources familiar with the matter. However, the deal is yet to be finalised.

As part of their business expansion, Adani Green is planning to hold a board meeting on December 26 to explore fundraising proposals, including the possibility of selling shares or convertible securities. The same was announced in the exchange filings of the company.

Adani Green is one of the youngest firms part of the Adani Group, and its most significant project is operating the Kamuthi Solar Power Project in Tamil Nadu, one of the largest solar photovoltaic plants in the world.

The energy company currently has a target to achieve 45 gigawatt of green energy capacity by 2030. Further, Adani Green is facing $1.2 billion in bond maturities next year, with the plans for repayment of these obligations already in the works.

# पौने दो साल से फरार सुनार गिरफ्तार

## एक करोड़ का सोना और नकदी लेकर फरार हुआ था

**इंदौर। पौने दो साल से फरार सुनार पंकज सोनी को हीरानगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित करीब एक करोड़ रुपये कीमत का सोना और नकदी रुपये लेकर भागा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपित ने कुछ व्यापारियों के नाम स्वीकार किए हैं, जिनके पास सोना गिरवी रख चुका है।**

हीरानगर एसीपी धैर्यशील येवले के मुताबिक फरवरी 2022 में आरोपित पंकज सोनी निवासी फोनिक्स सिटी के खिलाफ धोखाधड़ी, हेराफेरी का केस दर्ज हुआ था। आरोपित ने लोगों से आभूषण गिरवी रखे और किस्तों में छूट दे दी। कुछ लोगों से सोना-चांदी के व्यापार में निवेश करने का झांसा देकर रुपये भी ले लिए। करीब एक करोड़ रुपये एकत्र करने के बाद आरोपित रातोंरात फरार हो गया।

पुलिस ने टीमें बनाईं लेकिन सारे नंबर बंद मिले। गुरुवार को टीआइ पीएल शर्मा को सूचना मिली कि आरोपित राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में छुपा हुआ है। पुलिस ने उसकी रेकी की और शाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पंकज के पिता छोटेलाल सोनी, भाई राहुल सोनी, विजेंद्र सोनी, रवि सोनी, पत्नी शिवानी सोनी की भूमिका की जांच कर रही है। पंकज ने पुलिस को बताया कि उसने जो सोना लिया, वह बड़े व्यापारियों के पास गिरवी रख दिया था। उसने लोगों से रुपयों से प्रापर्टी खरीदी है।

### थाने पहुंचे पीडित

आरोपित ने हीरानगर थाना के सामने वैष्णवी ज्वेलर्स के नाम से सोना-चांदी की दुकान खोली थी। इसी दुकान से लोगों को झांसे में लेना शुरू किया। गुरुवार को गिरफ्तारी की खबर लगते ही लोग हीरानगर थाने पहुंच गए। प्रारंभिक रूप से संदीप सोनी, राहुल उर्फ बाबू धीमान, मनीष मुन्नालाल कुशवाह, सुमित कुशवाह, अरुण अहिरवार, अमन यादव, पिंकी राठौर, प्रमोद पलेरिया, जगदीश केवट, दिनेश पंवार, विजय जादौन, कपिल बंशीवाल, कमल गौतम को ठगना कबूला है।

# कोचिंग जा रहे बच्चे को कुत्ते ने किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। महालक्ष्मी नगर में 12 वर्षीय जैसल मकवाना को कुत्ते ने अपना शिकार बना लिया। वह कोचिंग तरफ जा रहा था, उसी दौरान कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे के पैर में गहरे जख्म हुए हैं। जैसल के पिता मुकेश मकवाना ने बताया कि कॉलोनी में आवारा कुत्ते बढ़ते जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले एक बुजुर्ग दंपती को भी कुत्तों ने शिकार बनाया था। उन्हें भी गहरी चोट आई थी। यहां कई बार नगर निगम के अधिकारी आकर जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।**

### दोपहिया वाहन चालक भी परेशान

श्वानों के आतंक से पैदल चलने वालों के साथ ही दोपहिया वाहन चालक भी परेशान हैं। श्वान दोपहिया वाहन के पीछे भी भागते हैं, जिससे कई बार चालक डरकर गिरकर जख्मी हो जाते हैं। रात के समय श्वान का आतंक ज्यादा देखने को मिलता है, क्योंकि इस समय सडकों पर वाहनों की संख्या कम हो जाती है। लोगों ने बताया कि श्वानों के कारण रात के समय हमें घरों से बाहर निकलने में भी डर लगने लगा है। हम सामान लेकर घर जाते हैं तो यह थैलियां छीन लेते हैं। बच्चों को भी इनके डर से घर से बाहर अकेले नहीं भेज पाते हैं।

# वृद्धा को इतना पीटा, हो गई मौत

## दो रिश्तेदारों पर दर्ज किया हत्या का केस, दोनों पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किशनगंज में एक माह पहले एक बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उसके दो रिश्तेदार महिला और युवक पर हत्या का मामला दर्ज किया है। दोनों ने महिला के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना 24 नवबंर की है। पुलिस ने 64 साल की बुजुर्ग महिला रेवती पति बंशीलाल लिल्लौरे की मौत के मामले में राजेन्द्र लिल्लौरे और रेखा लिल्लौरे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज दर्ज किया है। बुजुर्ग महिला रेवती बाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट की बात सामने आई, जिसमें राजेन्द्र और रेखा से पूछताछ की तो पता चला कि राजेन्द्र ने क्रिकेट के बैट और साइकिल के पंप और रेखा ने पाइप से रेवती बाई के साथ मारपीट की। जिसमें उसे सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं। इस मामले में पुलिस ने पहले पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट में पूरी बात का खुलासा हुआ।

### गाड़ी चुराकर ले जा रहा था पकड़ाया

**इंदौर।** सुदामा नगर क्षेत्र में अन्नपूर्णा पुलिस ने जयेश निवासी सूर्यदेव नगर को गिरफ्तार किया है। वह अपने मालिक मुकेश पिता प्रेम छाबड़ा की बाइक चुराकर ले जा रहा था उसे गश्ती दल ने दबोच लिया। बाइक चोरी की ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। छाबड़ा ने फुटेज सहित पुलिस को इसकी शिकायत की इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## वसूली के लिए पीट दिया

**इंदौर।** मल्हारगंज पुलिस ने शरीफ कुरैशी निवासी मल्हार पल्टन की रिपोर्ट पर जावेद कुरैशी के खिलाफ मारपीट और वसूली का केस दर्ज किया है। आरोपी ने शराब पीने के दो हजार रूपए मांगे थे नही देने पर फरियादी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश कर रही है।

### सड़क हादसा- लोडिंग वाहन ने ली जान

**इंदौर।** बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करने वाले एक कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह ड्यूटी कर पैदल घर जा रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। उन्हें राहगिरों ने अस्पताल पहुंचाया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक अर्जुन पुत्र भुजबल लोधी निवासी भवानी नगर को सांवेर रोड मॉडर्न चौराहे के पास 11 दिसंबर को लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। करीब 15 दिन पहले हुए इस हादसे में दो बार अर्जुन की सर्जरी हुई। गुरुवार शाम एमवाय अस्पताल में अर्जुन की हालत बिगड़ी थी। अर्जुन मूल रूप से खुरई (सागर) के रहने वाले थे। यहां पत्नी और तीन बच्चों के साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## सिपाही और टीसी बनाने का झांसा देकर लाखों की लगाई चपत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिपाही और टीसी का झांसा देकर बेरोजगार युवक-युवतियों से ठगी करने वाले बंटी-बबली के खिलाफ लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। एसपी कार्यालय पहुंचे युवक ने कहा कि उसे टीसी बनाया था। सूट और टाई खरीद ली। ट्रेनिंग का पेपर लेकर दिल्ली व हैदराबाद भेज दिया।**

डीसीपी (मुख्यालय) उमाकांत चौधरी के मुताबिक बेटमा थाने की पुलिस ने चार दिन पूर्व सुमन कुशवाह और अभिजित साहू को फर्जीवाड़ा में गिरफ्तार किया था। अनिल परमार की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की है। आरोपित ने सिपाही की नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ले लिए। बुधवार को खजराना निवासी युवक एसपी (ग्रामीण) सुनील मेहता के पास पहुंचा और बताया उससे भी ठगी हुई है।

आरोपियों ने रेलवे में नौकरी लगाने का बोलकर 10 लाख रुपये ले लिए। टीसी के लिए नियुक्ति पत्र भी दे दिया। कुछ दिनों तक हैदराबाद में ट्रेनिंग के लिए भेजा। बाद में दिल्ली और वडोदरा भी गया। जब आरोपितों को पुलिस ने पकड़ा तो पता चला उसके साथ ठगी हुई है।

# युवक की संदिग्ध मौत कमरे में मृत मिला


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हीरानगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सुबह लोगों ने युवक को घर के बाहर घूमते हुए देखा। इसके बाद वह कमरे से बाहर नहीं निकला। शव जमीन पर पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा है। पुलिस के मुताबिक घटना गौरी नगर की है। यहां रज्जू (32) पुत्र निरपत ठाकुर एक बिल्डिंग में किराये के कमरे में रहता है। गुरुवार को इसी बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों ने रज्जू को जमीन पर लेटे हुए देखा। रज्जू के कमरे का गेट खुला हुआ मिला। जब उसे हिलाया तो उसने जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसके परिचित मनीष और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस को रस्सी या अन्य आत्महत्या जैसे साक्ष्य नहीं मिले। इधर, शव को एमवाय पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। परिचित लोगों ने बताया कि रज्जू मूल रूप से दमोह के पास का रहने वाला है। वह यहां ड्रायवर की नौकरी करता है। परिवार में पिता नहीं है। छोटा भाई और मां गांव में रहते हैं। सूचना के बाद छोटे भाई को इंदौर बुलाया गया है। शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### दहेज के लिए सताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सांवेर में रहने वाली एक महिला ने दहेज प्रताडऩा की शिकायत की है। रीना चौधरी, ग्राम कुडाना की शिकायत पर पति संजय,ससुर कैलाश चौधरी,सास राजूबाई के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि ये सभी उस पर मायके से दहेज लाने के लिए दबाव बना रहे थे। जब उसने मांग नहीं मानी तो आरोपी ने मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोपी उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडि़त करने लगे थे। जब प्रताडऩा हद से ज्यादा बढ गई तो पुलिस को शिकायत की। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक